दिनांकः 10.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- श्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार बने भारत के प्रधानमंत्री–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ।
- मंत्रिपरिषद् के 71 सदस्यों ने भी ली शपथ–इनमें राजस्थान के चार सांसद शामिल।
- प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मॉनसून के दस्तक देने की संभावना।
- टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कल भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हराया।

..........................

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बन गये हैं। श्री मोदी 1962 के बाद ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने दो कार्यकाल पूरा करने के बाद लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में कामयाबी हासिल की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

..........................

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा मंत्रिपरिषद के 71 अन्य सदस्यों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। मंत्रिपरिषद के सदस्यों में तीस कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और छत्तीस राज्य मंत्री शामिल हैं।

राजस्थान से गजेन्द्र सिंह शेखावत और भूपेन्द्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं अर्जुनराम मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री और भागीरथ चौधरी को राज्यमंत्री की शपथ दिलाई गयी। इनके शपथ लेने के बाद प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा और उन्होंने पटाखे चलाकर तथा एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, डॉ. एस जयशंकर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारामण और जगत प्रकाश नड्डा ने भी कल कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पार्टी नेता किरेन रीजीजू, प्रल्हाद जोशी, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, अन्नपूर्णा देवी, हरदीप सिंह पुरी, डॉ मनसुख मांडविया, जी किशन रेड्डी, सी. आर. पाटिल, डॉ वीरेंद्र कुमार और जुएल ओरांव को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मनोहर लाल खट्टर भी कैबिनेट मंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल हुए हैं। एनडीए के घटक दलों को भी मंत्रिपरिषद् में स्थान दिया गया है। भाजपा के बाद सबसे बड़े घटक दल तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल यूनाइटेड से एक–एक कैबिनेट और एक–एक राज्यमंत्री बनाये गये हैं। इसके अलाावा लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख चिराग पासवान को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गयी।

समारोह में पड़ोसी देशों के कई शीर्ष नेताओं ने भाग लिया। इनमें श्रीलंका, मालदीव, सेशेल्स, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल और भूटान के राष्ट्राध्यक्ष और अन्य अतिथि शामिल हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य न्यायाधीश डॉ डी.वाई. चंद्रचूड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र भी कल समारोह में मौजूद रहे। उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर श्री मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की राहों पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के तहत भारत उनके नेतृत्व में चहुंमुखी विकास की राहों पर तेज गति से अग्रसर होगा। उन्होंने शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रिमंडल सदस्यों को भी शुभकामनाएं दी हैं।

इस बीच, आज शाम नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक होने की संभावना है।

..........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत उनके तीसरे कार्यकाल में क्षेत्र की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए काम करना जारी रखेगा। श्री मोदी ने क्षेत्र में लोगों के बीच प्रगाढ संबंध और संपर्क बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कल रात राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह के बाद भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं से भेंट के दौरान यह बात कही। प्रधानमंत्री ने इन नेताओं को धन्यवाद देते हुए पड़ोसी प्रथम नीति और 'सागर दृष्टिकोण' के प्रति भारत की वचनबद्धता दोहराई। श्री मोदी ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद करना जारी रखेगा।

..........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पड़ोसी देशों के नेताओं के सम्मान में कल रात राष्ट्रपति भवन में भोज का आयोजन किया। इसमें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघ, मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र कुमार, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे शामिल हुए। राष्ट्रपति ने इन नेताओं का स्वागत करते हुए शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण स्वीकार करने और लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि इस अवसर पर उनकी उपस्थिति भारत की ''पड़ोसी प्रथम नीति'' और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए हमारे सागर दृष्टिकोण का प्रमाण है।

..........................

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरुकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में श्रृंखला चलायी जा रही है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं, मानव तस्करी के विरुद्ध नये कानूनों में हुए प्रावधान के बारे में।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं और बाल तस्करी के लिए पीड़ित–केन्द्रित दृष्टिकोण है। इसमें किसी व्यक्ति की तस्करी, वेश्यावृति या फिरौती के लिए मानव तस्करी संगठित अपराधों में शामिल की गयी है और इसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें न्यूनतम सात साल की अनिवार्य सजा है, जिसे 14 साल तक बढाया जा सकता है।

..........................

प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मॉनसून के दस्तक देने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इससे पहले इसी सप्ताह प्री मॉनसून की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। इस बीच, पिछले 24 घंटों में विभिन्न स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चला। पूर्वी इलाकों में कहीं–कहीं कल हल्की बारिश हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर आंधी चली। कई जगह तापमान में बढोतरी भी दर्ज की गयी है। अधिकतर स्थानों पर पारा 42 डिग्री सेल्सियस के आस–पास रिकॉर्ड हुआ। सबसे ज्यादा 43 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तापमान जालौर में रहा। धौलपुर, अलवर, बाड़मेर और फतेहपुर में भी दिन का तापमान 43 डिग्री से ऊपर मापा गया। राजधानी जयपुर में पारे में दो डिग्री की बढोतरी हुई और ये 42 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग ने आज जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बरसात की संभावना व्यक्त की है।

..........................

जैसलमेर जिले के सांकड़ा क्षेत्र के सनावड़ा गांव में एक खेत में बने हौद में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे वहां खेल रहे थे। इस दौरान वे हौद में गिर गये। पानी गहरा होने से उनकी डूबने से मृत्यु हो गयी। बच्चों में दो बालिकाएं और बालक शामिल है।

..........................

टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को छह रन से हरा दिया है। न्यूयॉर्क में कल खेले गये एक रोमांचक मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 119 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 42 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ और नसीम शाह ने तीन–तीन तथा मोहम्मद आमिर ने दो विकेट लिए। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में केवल 113 रन ही बना पाई। जसप्रीत बुमराह ने केवल 14 रन देकर तीन विकेट लिए। हार्दिक पांड्या ने दो और अक्षर पटेल तथा अर्शदीप सिंह ने एक–एक विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

..........................